# GOVT. SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE

NARAYANPUR (CG)494661

Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidhalaya, Bastar, Jagdalpur,(C.G.)

Registered Under Section 2(f) & 12(b) of UGC Act

**SVEEP ACTIVITIES 2022** Date 12-08-2022

*महाविद्यालय में वोटर आईडी से आधार लिंक किया गया*

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी नारायणपुर से प्राप्त निर्देशानुसार सभी अधिकारी कर्मचारियों को वोटर आईडी कार्ड को आधार नंबर से लिंक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम ने कहा कि महाविद्यालय का स्टाफ निर्वाचन आयोग के सभी कार्यों में सहभागिता प्रदान करता है। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वोटर हेल्पलाइन एप पर सभी अधिकारी कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों को आधार लिंक कराने कहें। महाविद्यालय के स्वीप प्रोफेसर नोडल अधिकारी श्री बी.डी चांडक ने स्वीप कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि बिना लोभ, भय और स्वार्थ के लिए निष्पक्ष मतदान किया जाना आवश्यक है तथा nvsp.in पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियों का मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विकास चंद्र विशाल ने फार्म 6B के विषय में जानकारी दी गई, मास्टर ट्रेनर डॉ. सुमित श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने कहा कि आधार लिंक का कार्य संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ के माध्यम से भी कराया जा सकता है। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं कैंपस एंबेसडर अभिनय नाग व कु.पूर्णिमा सलाम उपस्थित थे।

12/08/2022

स्वीप प्रभारी
श्री बी. डी. चांडक
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय ...

प्रभारी प्राचार्य
डॉ. एस. आर. कुंजाम
Principal
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर


Figure 1. Report of Voter id link with Aadhaar Card program; entry 1 in table 3.4.3.

Photograph 1

## वोटर आईडी से आधार लिंक कराने पर हुई बैठक

नारायणपुर| भारत निर्वाचन आयोग ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा अपना तथा परिवार के अन्य मतदाताओं का आधार नम्बर वोटर हेल्प एप पर मतदाता सूची से लिंक करने के निर्देश दिए हैं। वोटर आईडी को आधार से लिंक कराने के संबंध में सोमवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में बैठक हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं के वोटर आईडी से आधार लिंक किया जाना है। इसके लिए सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को आधार लिंक कराने कहें। आधार लिंक का कार्य संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ के माध्यम से भी कराया जा सकता है।









Photograph 2




Figure 2. Geotagged photographs of Voter id link with Aadhaar Card program; entry 1 in table 3.4.3.



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला – नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 07781–252655,252755, Email –narayanpurcollege@gmail.com,

## प्रतिवेदन

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

आज दिनांक 24-9-2022 को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस मनाया गया । आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन भागीदारी सदस्य अजय देशमुख जी थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयं सेवकों को विभिन्न प्रकार के खेल खिलाया गया जैसे कुर्सी दौड़ए स्लो साइकिल, जलेबी दौड़ एवं बैडमिंटन। सभी प्रोग्राम में स्वयंसेवक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जन भागीदारी सदस्य श्री अजय देशमुख जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एस.आर कुंजाम सर जी एवं जिला संगठन श्री बी डी चांडक सर जी एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी गौर जी उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सभी कार्यक्रमों एवं खेलों में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इसके पश्चात संस्था प्रमुख डॉ. एस.आर कुंजाम सर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

(डॉ. एस.आर कुंजाम)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist.-Narayanpur
Chhattisgarh

286

Figure 3. Report of NSS Foundation Day program; entry 2 in table 3.4.3.

GOVT. SWAMI ATMANAND PG COLLEGE



**<u>राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर विभन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा पुरष्कार वितरण किया गया</u>**

Figure 4. Photographs of NSS Foundation Day program; entry 2 in table 3.4.3.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला – नारायणपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 07781–252655,252755, Email –narayanpurcollege@gmail.com,

## प्रतिवेदन
## राष्ट्रीय एकता दिवस

आज दिनांक 31-10-2022 शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया इस दिवस पर मिनी मैराथन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस आर कुंजाम सर जी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक संगठन प्रोफेसर श्री बी डी चांडक जी ने पुष्प गुच्छ व तिलक चंदन के द्वारा मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रोफेसर राम राम प्रकाश जोशी सर जी के द्वारा छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण करवाया गया मैराथन की की शुरुआत डॉक्टर एस आर कुंजाम जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा प्रोफेसर किशोर कुमार कोठारी जी के द्वारा की गई।

(डॉ. एस. आर. कुंजाम)
PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur Dist. Narayanpur
Chhattisgarh
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

Figure 5. Report of National Unity Day program; entry 3 in table 3.4.3.





Figure 6. Photographs of National Unity Day program; entry 3 in table 3.4.3.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला – नारायणपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 07781–252655,252755, Email –narayanpurcollege@gmail.com,

## प्रतिवेदन

आज दिनांक 3/11/2022 को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा निशुल्क कोचिंग हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस आर कुंजाम जी के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनोज ठाकुर जी स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास चंद्र विशाल जी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को SSC, railway, vyapam ,banking, PSC जैसी व्यवसायिक परीक्षाओं की जानकारी दी एसाथ ही इन परीक्षाओं के निशुल्क कोचिंग की भी जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्रोफेसर श्री राम प्रकाश जोशी जी के द्वारा अभी छात्र-छात्राओं को इन परीक्षाओं से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। और अंत में कार्यक्रम की समाप्ति पर आभार व्यक्त श्री संतोष राव सर जी के द्वारा किया गया।

(डॉ. एस.आर. कुंजाम)
PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur Dist.- Narayanpur
Chhattisgarh
प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग)



Figure 7. Report of Free Coaching for competitive; entry 4 in table 3.4.3.




Figure 8. Photographs of Free Coaching for competitive; entry 4 in table 3.4.3.

प्रेस–विज्ञप्ति/प्रतिवेदन      दिनांक 18.11.2022

**शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप का प्रचार प्रसार करने के लिए
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन
प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में
माननीय श्री अभिषेक गुप्ता संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला नारायणपुर एवं कार्यक्रम
की अध्यक्षता कर रहे हैं इस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का
शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मंगलमय शुभ आरंभ किया गया ।
प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्वप्रथम समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया मुख्य
अतिथि श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि सभी को मतदान करना जरूरी है क्योंकि मतदान करके ही लोकतंत्र
को मजबूत और सुदृढ़ बनाया जा सकता है उन्होंने आगे कहा कि सभी को इस बार होने वाले चुनाव में
अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुंजाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत
महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता है जिसमें अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं
को हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किए जाते हैं और सभी को मतदान में हिस्सा लेने को कहा। प्रोफेसर नोडल
अधिकारी श्री बी. डी. चांडक ने कहा कि नारायणपुर जिले में 7 संस्थानों द्वारा महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का
आयोजन दिनांक 9 नवंबर से 15 नवंबर 2022 तक किया गया तत्पश्चात जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय
प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दिए। आज जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन भाषण एवं इलेक्शन क्विज
प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके निर्णायक मंडल भाषण के लिए डॉ सुमित श्रीवास्तव, श्री जय
भूषण गोयल, श्रीमती के सुमित्रा एवं इलेक्शन क्विज़ के लिए श्री राजेंद्र कुमार यादव, श्री किशोर कुमार
कोठारी,श्री खगेश साहू रहे । निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार प्रथम स्थान भाषण
प्रतियोगिता के लिए कु. भूमिका नेताम शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नारायणपुर एवं द्वितीय स्थान कौशल
कुमार मांझी एम ए प्रथम सेमेस्टर हिंदी शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर तथा
इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता के लिए विजेता रहे देवराज नेताम एवं यश कुमार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण
संस्थान रामकृष्ण आश्रम नारायणपुर । मुख्य अतिथि श्री गुप्ता जी द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि
सह प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता
के लिए तैयारी करने को कहा। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री राम
प्रकाश जोशी राजनीति विभाग द्वारा किया गया एवम अंत में डॉ. विजय कुमार तिवारी ने समस्त अतिथियों,
शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किये तथा कार्यक्रम का समापन किया
गया इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं जिले के विभिन्न स्थानों से आए
अधिकारी कर्मचारी ने अपनी उपस्थिति दिए।

GOVT. SWAMI ATMANAND P.G. COLLEGE

Figure 9. Report of Voter Awareness Program; entry 5 in table 3.4.3.

1/10

मतदाता जागरूकता अभियान 2022







Figure 10. Photographs of Voter Awareness Program; entry 5 in table 3.4.3.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)
☎दूरभाष नं. 07781–252655, 252755, Email Add –narayanpurcollege@gmail.com

## प्रतिवेदन

### 26 नवम्बर 2022 संविधान दिवस

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन संविधान दिवस पर किया गया जिसमें 25 नवम्बर 2022 को विभिन्न विधाओं निबंध, वाद–विवाद, भाषण, रंगोली, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। 26 नवम्बर 2022 संविधान दिवस के अवसर पर संवैधानिक प्रस्तावना के वाचन के बाद श्री रामप्रकाश जोशी सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय नारायणपुर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, इसी क्रम में श्री हंसराज उईके अतिथि सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी साहित्य के द्वारा भारतीय संविधान की गरिमा पर कविता का वाचन किया गया। तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री उमेश कर्मा जी युवा एवं छात्र नेता एवं सदस्य जनभागीदारी समिति सदस्य व आई.क्यू.एस.सी. सदस्य तथा विशिष्ट अतिथि श्री रामप्रकाश जोशी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम जी ने की इस कार्यक्रम पर आई.क्यू.एस.सी. प्रभारी श्री राजेन्द्र कुमार यादव (विभागाध्यक्ष वाणिज्य) तथा श्री बी. डी. चाडंक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक (विभागाध्यक्ष भौतिकीशास्त्र) ग्रंथपाल श्री संजय कुमार पटेल तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि सहायक प्राध्यापक की गरिमामयी उपस्थित थी। संयोजक श्री तरूण कुमार साहू सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) एवं सह संयोजक श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर अतिथि सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) रही। जिनके आयोजन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर द्वारा किया गया।

GOVT SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (CG)

विभागाध्यक्ष
(राजनीति शास्त्र)
शास. स्वा. ... स्नातकोत्तर
महाविद्यालय ...नारायणपुर(छ.ग.)

22

Figure 11. Report of Constitution Day; entry 6 in table 3.4.3.

# महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



नारायणपुर(प्रातःइंडिया)। संविधान दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज एवं गर्ल्स कॉलेज नारायणपुर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमे मुख्य अथिति के रूप में जनभागीदारी सदस्य एवं आईक्यूएसी सदस्य उमेश कर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.आर. कुंजाम, आर.के. यादव, बी.डी चांडक, एस.के.पटेल, जोशी सर, कार्यक्रम प्रभारी ठाकुर मैडम, साहू सर एवं पीजी महाविद्यालय और कन्या महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण व समस्त छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

**नवभारत** Jagdalpur - 29 Nov 2022

अभिषेक बेनर्जी (ब्यूरोप्रमुख)



## संविधान दिवस पर की गयीं विविध प्रतियोगिताएं


शासकीय आत्मानंद महाविद्यालय में हुआ आयोजन

K

## संविधान दिवस पर शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में हुआ विविध प्रतियोगिता

अमन पथ न्यूज

नारायणपुर। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे निबंध, वाद-विवाद, भाषण, रंगोली, पोस्टर व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, उक्त आयोजन में छात्र छात्राओं के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। 26 नवंबर 2022 संविधान दिवस के अवसर पर संवैधानिक प्रस्तावना की शपथ के बाद रामप्रकाश जोशी सहायक प्राध्यापक शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय राजनीति विभाग द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में हंसराज उइके अतिथि सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी साहित्य के द्वारा भारतीय



संविधान की गरिमा पर कविता का वाचन किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश कर्मा युवा छात्र नेता, सदस्य जनभागीदारी समिति एवं सदस्य आई.क्यू.एस.सी.कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.एस.आर.कुंजाम व विशिष्ट अतिथि रामप्रकाश जोशी ने की। कार्यक्रम आई.क्यू. एस.सी.प्रभारी राजेन्द्र कुमार यादव विभागाध्यक्ष वाणिज्य, बी.डी.चांडक सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, ग्रंथपाल संजय पटेल, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि सहायक प्राध्यापक की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के संयोजक तरुण कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग एवं सह संयोजक श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर, अतिथि सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान रहीं।

## वाद-विवाद, भाषण और रंगोली में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



संविधान दिवस पर आयोजित स्पर्धा में शामिल विद्यार्थी। • नईदुनिया

## नारायणपुर के आत्मानंद कॉलेज में हुई निबंध, वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिताएं



Figure 12. Photographs of Constitution Day; entry 6 in table 3.4.3.

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

(11)

जिला – नारायणपुर (छ.ग.) ई–मेल:–narayanpurcollege@gmail.com

## प्रेस विज्ञप्ति

## स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में आज दिनांक 01 दिसम्बर 2022 को वाणिज्य विभाग के छात्रों के लिए कैरियर गाईडेंस के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता **श्री प्रशांत सिन्दे जी असिस्टेंट जनरल मैनेजर, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक नई दिल्ली** के द्वारा डिजिटल बैंकिंग प्रणली के उपयोग को बताया गया एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला, साथ ही साथ युवा साथी इस सेक्टर पर अपने अवसर कैसे तलाश सकते हैं? इसकी जानकारी छात्रों को प्रदान की गयी। श्री प्रशांत जी ने युवाओं को इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में सेल्स बी.सी बनने के लिए 2 माह का इंटर्नशीप प्रोगाम तथा इस बैंक के उड़ान चैनल प्रोजेक्ट से जुड़ने के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ एस.आर.कुंजाम, श्री डी.व्ही.ऐ प्रसाद(मैनेजर, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, नारायणपुर), श्री आर.के.यादव (विभागाध्क्ष वाणिज्य), श्री भूषण जय गोयल (सहा.प्राध्यापक वाणिज्य), श्री संतोष कुमार राव (सहा.प्राध्यापक वाणिज्य), श्री अक्षय तरजुले (व्याख्याता, वाणिज्य), श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर (व्याख्याता, राजनीति विज्ञान) एवं महाविद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं सभा में उपस्थित रहें।

1.12.2022

GOVT SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (C.G.)

प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद
महाविद्यालय
नारायणपुर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt Swami Atmanand College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh




Figure 13. Report of Career Guidance Program; entry 7 in table 3.4.3.

12



GOVT SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (CG)

1.12.2022

PRINCIPAL
Govt Swami Atmanand Colleg
Narayanpur Dist.Narayanpur
Chhattisgarh

Figure 14. Photographs of Career Guidance Program; entry 7 in table 3.4.3.

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष नं. 07781–252655, 252755, Email Add –narayanpurcollege@gmail.com


## प्रतिवेदन

## 10 दिसम्बर 2022 अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

आज दिनांक 10.12.2022 को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अलग–अलग विधाओं मानवाधिकार से सम्बंधित रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा के वाचन के बाद विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आई.क्यू.एस.सी. प्रभारी श्री राजेन्द्र कुमार यादव एवं नैक प्रभारी डॉ. सुमित श्रीवास्तव रहे, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ श्रीमती क्षमा ठाकुर एवं श्री भूषण जय गोयल सहायक प्राध्यापक शासकीय आदर्श आवाकीय कन्या महाविद्यालय नारायणपुर उपस्थित रहें। तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री सावन कुमार पडोटी, डॉ. विजय लक्ष्मी गौड़ डॉ. विजेत्री विक्रम सिंह, श्री संजय कुमार पटेल ग्रंथपाल शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर अतिथि सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) रही कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीय प्राचार्य महोदय डॉ. एस. आर. कुंजाम जी द्वारा किया गया, एवं विचार उद्बोधन में उन्होंने छात्रों के हित एवं जनभावना का आदर करना सिखाया तथा मानव जीवन की गरिमा तथा अधिकार को चिन्हांकित किया। व्याख्यान के अगले चरण में बस्तर में मानवाधिकार के उल्लधंन पर चर्चा की गई एवं ज्ञानवर्धक बातों से छात्रों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका में विचार उद्बोधन में संयुक्त राष्ट्र संध की घोषणा की 30 कंडिकाओं का संक्षिप्त परिचय छात्रों को देते हुए मानव जीवन यापन संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्रीयता की भावना तथा एकता का सूत्र छात्रों को बतलाया। तथा जातिगत, धार्मिक भावना, भाषा व क्षेत्रीयता से पूरे अखंड भारत पर बल दिया गया।

GOVT. SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (CG)


विभागाध्यक्ष
(राजनीति शास्त्र)
शास.स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

36


Figure 15. Report of Human Rights Day; entry 8 in table 3.4.3.

# महाविद्यालय नारायणपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस





नारायणपुर(प्रातःइंडिया)। 10 दिसंबर 2022 को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज प्रतियोगिता,निबंध,भाषण, रंगोली एवं चित्रकला पर छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक मीनाक्षी ठाकुर एवं मुख्य अतिथि आर.के.यादव आइक्यूएसी समन्वयक एवं विशिष्ट अतिथि भूषण गोयल,डॉ. क्षमा ठाकुर, सावन कुमार पड्डोती, डॉ.सुमीत श्रीवास्तव, डॉ.विजेत्री विक्रम सिंह, डॉ.विजयलक्ष्मी गौड़ तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.एस. आर.कुंजाम प्राचार्य शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय द्वारा किया गया एवं मानवाधिकार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी विचार उद्बोधन में दिया गया, जिससे छात्रों को लाभ मिल सके,जन भावना का आदर करना तथा मानव जीवन के समस्त पहलुओं तथा बस्तर के मानवाधिकार के उल्लंघन पर चर्चा की एवं ज्ञानवर्धक बातों से छात्रों को लाभान्वित किया और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई दी साथ ही साथ पुरस्कार भी वितरण किया गया।



नारायणपुर के स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं प्रिंसिपल एसआर कुंजाम ने शपथ दिलाई। नईदुनिया

## शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



नारायणपुर(अमनपथ)। 10 दिसम्बर अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया। जिसमें क्वीज प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला पर छात्र - छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर एवं मुख्य अतिथि आर. के. यादव आई. क्यू.ए.सी. समन्वयक एवं विशिष्ट अतिथि भूषण जय गोयल, डॉ. क्षमा ठाकुर, सावन कुमार पड्डोती, डॉ. सुमीत श्रीवास्तव, डॉ. विजेत्री विक्रम सिंह, डॉ. विजयलक्ष्मी गौड़ तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एस. आर. कुंजाम, प्राचार्य शास. स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय द्वारा किया गया एवं मानवाधिकार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी विचार उद्बोधन में दिया गया। जिससे छात्रों को लाभ मिल सके, जनभावना का आदर करना तथा मानव जीवन के समस्त पहलुओं तथा बस्तर में मानवाधिकार के उल्लंघन पर चर्चा की एवं ज्ञानवर्धक बातों से छात्रों का लाभान्वित किया और प्रतिभागी छात्र - छात्राओं को बधाई दी साथ ही साथ पुरस्कार वितरण भी किया गया।

Figure 16. Photographs of Human Rights Day; entry 8 in table 3.4.3.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला – नारायणपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 07781–252655,252755, Email –narayanpurcollege@gmail.com,

## प्रतिवेदन

### रसायनशास्त्र विभाग द्वारा केमिकल सोसाइटी का गठन किया गया

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में आज दिनांक 12 दिसंबर 2022 को रसायनशास्त्र विभाग के तत्वाधान में केमिकल सोसाइटी का गठन संस्था के प्राचार्य डॉ.एस.आर.कुंजाम की अध्यक्षता में किया गया। इस दिवस पर रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सुमित श्रीवास्तव द्वारा केमिकल सोसाइटी के महत्व, उपयोगिता एवं विद्यार्थी शिक्षण सत्र के दौरान क्या क्या गतिविधि कर सकते है के संबंध में जानकारी दी गई इसके पश्चात **IQAC** समन्वयक श्री राजेंद्र कुमार यादव द्वारा यह बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महाविद्यालय के गुणवत्ता सुधार एवम बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। तत्पश्चात मतदान द्वारा अध्यक्ष पद हेतु खोमेश केआर्य, उपाध्यक्ष – अनीश भास्कर, सचिव – अर्शिया खान एवम कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश भोयर को चुना गया।। कार्यक्रम का संचालन श्री अनिरुद्ध कुशवाहा द्वारा किया गया एवम अंत में अतिथि व्याख्याता श्री भाग्यवान यदु द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

Somit 12/12/2022
विभागाध्यक्ष
(रसायन शास्त्र)
शास. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर(छ.ग.)
विभागाध्यक्ष
रसायनशास्त्र विभाग
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग)

12.12.2022
(डॉ. एस. आर. कुंजाम)
प्रभारी प्राचार्य
Govt. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Distt. Narayanpur
Chhattisgarh
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग)

Figure 17. Report of Formation of Chemical Society; entry 9 in table 3.4.3.

Date. 12/12/2022

# स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में केमिकल सोसाइटी का गठन

**नारायणपुर** । शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में रसायनशास्त्र विभाग में केमिकल सोसाइटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डा. एसआर कुंजाम, आइक्यूएसी समन्वयक राजेन्द्र कुमार यादव अन्य शिक्षकों व विद्यार्थिओं की उपस्थिति में की। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता अनिरुद्ध कुशवाहा ने केमिकल सोसाइटी के गठन की प्रारंभिक जानकारी व रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डा. सुमित श्रीवास्तव ने केमिकल सोसाइटी द्वारा दैनिक जीवन में रसायनों के प्रयोग, लाभ और इसके दुष्परिणाम से कैसे बचें इसकी जानकारी दी। प्राचार्य डा. एसआर कुंजाम ने केमिकल सोसाइटी द्वारा महाविद्यालय में कौन-कौन सी गतिविधियां की जा सकती हैं इसकी जानकारी दी। आइक्यूएसी समन्वयक राजेंद्र कुमार यादव ने सभी की सहमति से खोमेश केआर्य को अध्यक्ष, अनीस भास्कर को उपाध्यक्ष, अर्शिया खान को सचिव व दीना सिन्हा को ज्वाइंट सेक्रेटरी चुना। -नप्र

Figure 18. Photographs of Formation of Chemical Society; entry 9 in table 3.4.3.

# शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर

# सात दिवसीय विशेष शिविर

## राष्ट्रीय सेवा योजना

( 2022-23 )

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बेलगांव ग्राम पंचायत बेलगांव में 2 जनवरी 2000 23:00 से 8 जनवरी 2030 से आयोजित किया गया जिसका थीम था स्वच्छता एवं जन जागरूकता सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ 2 जनवरी 2023 को शुभारंभ किया गया । सात दिवसीय विशेष शिविर से 1 दिन पूर्व स्वयंसेवकों ने पंचायत भवन के अंदर एवम आसपास की सफाई की एवं त्रिपाल लगाकर मंच की व्यवस्था की गई | शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच श्रीमती अघोती पट्टावी एवं सम्मानित नागरिक श्री नरेश पट्टाबी ,श्रीमती धनेश्वरी भोरी (पंच) एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एस आर कुंजाम प्राचार्य शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर एवं श्री भगवान दास चांडक जिला संगठक , श्री आरके यादव सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास चंद्र विशाल एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण आमन्त्रित थे, जिनके मार्गदर्शन से हमारे शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ, । सरपंच महोदया ने कहा कि जो भी सहयोग हमसे बनेगा हम सब ग्रामवासी सहयोग प्रदान करेंगे | एक साथ मिलकर किसी भी कार्य को किया जाता है तो वह काम शत-प्रतिशत सफल होता है शिविर के उद्घाटन के दौरान स्वच्छता छात्र छात्राओं के द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। सभी स्वयंसेवक मार्गदर्शन लेकर स्थापित नियमावली के आधार पर कार्य प्रारंभ किया और कार्य समाप्त कर सभी स्वयंसेवक भोजन ग्रहण किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस 03- 01- 2023 पर प्रातः प्रभात फेरी, योगा, व्यायाम, परियोजना कार्य के अंतर्गत साफ़ सफाई, सोकता गड्ढा निर्माण, एवम बौद्धिक चर्चा में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पर डॉक्टर लालचंद साहू द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए तथा शिविरार्थियों और ग्राम वासियों को आयुर्वेद चिकित्सा के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला संगठक श्री बी डी चांडक, श्री नरेश पट्टावी, श्री नरसू राम नरेटी,श्री संतोष कुमार राव, एवम ग्रामवासी उपास्थित रहे। बौद्धिक परिचर्चा के उपरांत सभी स्वयंसकों एवं ग्राम के बच्चों को खेल खिलाया गया। तत्पश्चात भोजन ग्रहण कर स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस 04- 01- 2023 पर प्रातः प्रभात फेरी, योगा, व्यायाम किया गया कुल 7 दल बनाए गए जिसमें प्रत्येक दल में सात-सात स्वयंसेवक थे।, परियोजना कार्य के अंतर्गत साफ़ सफाई किया गया गांव के लोगो को भी प्रेरित किया गया एवम बौद्धिक चर्चा में कृषि महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक श्री किशोर मंडल एवं डा. कृष्णा गुप्ता द्वारा सभी स्वयंसेवक एवं ग्राम वासियों को जैविक कृषि के बारे में अपने विचार व्यक्त किए तथा बौद्धिक परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सखाराम कुंजाम एवं रसायन विभाग

Figure 19. Report of NSS Camp (page 1); entry 10 in table 3.4.3.

के HOD डॉक्टर सुमित श्रीवास्तव एवम् क्रीड़ा अधिकारी सावन पड़ोती द्वारा अपने विचार व्यक्त **किये** । बौद्धिक परिचर्चा के उपरांत सभी स्वयंसकों एवं ग्राम के बच्चों को खेल खिलाया गया। गृह संपर्क से ग्राम वासियों की समस्याओं से अवगत किया गया तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा एवं गांव के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

दिनांक 05-01-2023 एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिवस के प्रातः प्रभात फेरी, योगा, व्यायाम, परियोजना कार्य के अंतर्गत हाई स्कूल में जा कर के बच्चों को पढ़ाया गया तथा जागरूक किया गया एवम नालियों की सफाई की गई । बौद्धिक परिचर्चा के लिए श्रीमती किरण नेलवाल (महिला संरक्षण अधिकारी ) ,श्री सनातन मेरचा एवं श्रीमती तरन्नूम खान को आमंत्रित किया गया । श्रीमती किरण नेलवाल द्वारा यौन शौषण के बारे में जानकारी दिया गया क्या क्या धाराऐं होती है उनके बारे में सभी स्वमसेवक एवं ग्रामवासियों को जानकारी दी गई । सनातन सर के द्वारा बाल अपराध कानून में कौन-कौन से नियम धाराएं होती उसकी जानकारी बच्चों को दिया गया । अंतिम में तरन्नुम खान मैडम के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में संपूर्ण जानकारी दिया गया जो बच्चों के लिए महत्वपूर्ण रहा जिसमें महिलाओं के ऊपर होने वाली अत्याचारों से सम्बंधित नियमों की जानकारी प्रदान किया गया इससे सभी स्वमसेवक एवं ग्रामवासियों लाभान्वित हुए। तत्पश्चात महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी माननीय सावन सर द्वारा स्वयंसेवको तथा गांव के बच्चों को खेल खिलाया गया । उसके बाद गृह भ्रमण के पश्चात स्वयंसेवको तथा गांव के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अंत में स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया ।

दिनांक 6/01/2023 को एनएसएस शिविर के पंचम दिवस को प्रातः 4:00 बजे उनके बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गए एवं बच्चों को गांव वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया उसके पश्चात बच्चों के द्वारा योगाभ्यास किया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत आज ग्राम के समीप स्थित नहर को रेत की बोरियों की सहायता से बांधा गया एवं आसपास साफ-सफाई की गई एवं समीप स्थित तालाबों के किनारों को साफ सफाई किया गया आज बौद्धिक पिक्चरें परिचर्चा के में मलेरिया विभाग के ब्लॉक पर्यवेक्षक श्री दिनेश्वर पुजारी का आगमन हुआ वह छात्र छात्राओं को एवं ग्राम निवासियों एवं राहत अध्यापक गणों को मलेरिया से संबंधित संपूर्ण जानकारी दिया गया ।तत्पश्चात ग्राम वासियों एवं स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार के खेल खिलाया गया । उसके पश्चात नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किए । भोजन ग्रहण करने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों एवेंम स्वयं सेवको द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

दिनांक 7/01/2023 को सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन को प्रातः संघ सेवकों द्वारा प्रभाव से निकाले गए तत्पश्चात योगाभ्यास किया गया एवं परियोजना कार्य के लिए प्रस्थान किया गया जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नारा ग्राम वासियों के घरों के दीवारों में लिखा गया तथा ग्राम वासियों को जागरूक किया गया जैसे नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि। आज बौद्धिक परिचर्चा के लिए छात्र छात्राओं के बीच में से किसी एक को मुख्य अतिथि के रुप में बुलाया गया तथा कुछ बच्चों को अपने अनुभव को साझा करने के लिए कहा गया तत्पश्चात मलेरिया विभाग के ब्लॉक पर्यवेक्षक श्री दिनेश्वर पुजारी द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं एवं एवं प्राध्यापक गणों को मच्छरदानी का मुफ्त वितरण किया गया।

तत्पश्चात शासकीय स्वामी आत्मानंद स्मार्ट उत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री सावन पड़ोसी द्वारा विभिन्न प्रकार की खेलकूद का आयोजन किया जिसमें गांव की ग्राम वासियों एवं स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

भोजन ग्रहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें इसमें गांव की बच्चों एवं स्वयंसेवकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की घोषणा की गई।

Figure 19. Report of NSS Camp (page 2); entry 10 in table 3.4.3.

GOVT SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (CG)

दिनांक 8/01/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस को प्रातः प्रभात फेरी, योगा, व्यायाम किया गया । स्वल्पाहार के पश्चात कार्यक्रम समापन की तैयारी शुरू की गई । समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री पंडिता मंडी अध्यक्ष जनपद पंचायत नारायणपुर विशेष अतिथि श्री देवनाथ उसेंडी उपाध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर एवं विशेषण का आगमन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एस आर कुंजाम प्राचार्य स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का विशेष अतिथि गणों एवं समस्त ग्राम वासियों का एवं कार्यक्रम के दौरान कुंजाम सर जी का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ किया गया तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि एनएसएस के महत्व के बारे में बताया एवं आज के युवा पीढ़ियों को शिक्षा के महत्व एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया उसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र एवं मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए, विशेष सहयोग के लिए श्री अरुण शुक्ला सर,श्री संतोष कुमार राव सर,श्री मुराराम भोयर, श्री चुमन लाल भोयार को मुख्य अतिथि के द्वारा उपहार एवं स्त्री प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री पण्डी राम वड्डे द्वारा अपने अनुभवों एवं एनएसएस की महत्व के बारे में बताया गया तथा तत्पश्चात डॉ श्री एस आर कुंजाम प्राचार्य स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर द्वारा छात्र-छात्राएं एवं ग्राम वासियों को संबोधित किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास चंद्र विशाल द्वारा अपने अनुभव एवं इंसात दिवसों में ग्राम वासियों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

PRINCIPAL
Government Post Gaduat College
Narayanpur. Dist. Narayanpur
Chhattisgarh

Figure 19. Report of NSS Camp (page 3); entry 10 in table 3.4.3.

वभारत
तीसगढ़ • ओडिशा

Jagdalpur - 07 Jan 2023 - 07jdp3
अभिषेक बेनर्जी (ब्यूरोप्रमुख)

GOVT SWAMI ATMANAND PG COLLEGE
NARAYANPUR (CG)

# बेलगांव में एनएसएस शिविर का आयोजन



नारायणपुर। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बेलगांव में 2 से 8 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है, आज एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक परिचर्चा के लिए श्रीमती किरण नैनवाल महिला संरक्षण अधिकारी, सनातन मेरचा एवं श्रीमती तरन्नूम खान को आमंत्रित किया गया। श्रीमती किरण नैनवाल द्वारा यौन शौषण के बारे में जानकारी दी गयी, वहीं श्री सनातन द्वारा बाल अपराध कानून में कौन-कौन से नियम धाराएं होती उसकी जानकारी बच्चों को दी गयी। अंतिम में तरन्नुम खान के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गयी।

Figure 20. Photographs of NSS Camp; entry 10 in table 3.4.3.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला – नारायणपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 07781–252655,252755, Email –narayanpurcollege@gmail.com,

प्रतिवेदन

## सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023

आज दिनांक 17/ 01/ 2023 को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह दिनांक 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया गया ।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस आर कुंजाम जी के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा लक्ष्य गीत का गायन किया गया। मुख्य अतिथि जी के द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा सुरक्षित तरीके से वाहन चालान की समझाइश दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक प्रोफेसर बी डी चांडक जी के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त एवं समापन कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास चंद्र विशाल सर के द्वारा किया गया ।

(डॉ. एस. आर. कुंजाम)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग)

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist. Narayanpur

Figure 21. Report of Road Safety Days; entry 11 in table 3.4.3.

GOVT SWAMI ATMANAND PG COLLEGE


RoadSafetyWeek 2023 (11/01/2023 to 17/01/2023)







Figure 22. Photographs of Road Safety Days; entry 11 in table 3.4.3.



प्रतिवेदन

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 24 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर "बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं" योजना का विभिन्न विधाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डॉ. एस. आर. कुंजाम प्राचार्य शा० स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय द्वारा किया गया एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के परिपेक्ष्य में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं के अन्तर्गत प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं से जागरुक कराया गया। इसके अलावा समाज की कुरीतियों का बालिकाओं के विकास मे होने वाली बाधाओं, लिंगानुपात, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, आदि के बारे में जानकारी दी गई और बस्तर वनांचल के बालिकाओं के लिए संचालीत योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें क्विज प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला पर छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती मीना देवांगन एवं मुख्य अतिथि डॉ. योगेन्द्र पटेल एवं विशिष्ट अतिथि संजय पटेल, डॉ. श्रीमती लक्ष्मी गौर, डॉ. श्रद्धा देवी साहू, जफर अली, डॉ. विजयलाल तिवारी एवं समाजशास्त्र विभाग के व्याख्याता प्रदीप सलाम एवं जसमा बजेस के साथ ही महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक एवं व्याख्याता सम्मिलित थे।

GOVT. SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (C.G.)

PRINCIPAL
प्राचार्य
Government ... Graduate College
Narayanpur, Dist.- Narayanpur
Chhattisgarh

Figure 23. Report of National Girls Days; entry 12 in table 3.4.3.



बुधवार, 01 फरवरी 2023 05


# बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नारायणपुर/छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस।** शासकीय स्वामी आत्मानद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर मेंसमाजशास्त्र विभाग द्वारा जनवरी 2023 को राष्टीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी वचाओं, वेटी पढ़ाओ योजना का विभिन्न विद्याओं का आयोंजन किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डॉ. एस.आर.कुजाम प्राचार्य शा. आत्मानंद महाविद्यालय द्वारा किया गया एंव राष्टीय बालिका दिवस के परिपेक्ष्य में बेटी वचाओं, बेटी पढ़ाओं के अन्तर्गत प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं से जागरूक कराया गया। इसके अलावा समाज की कुरूतियों का बालिकाओं के विकास में होने वाली बाधायें, लिंगानुपात ,भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, आदि के बारे में जाकारी दी गई और वस्तर वनांचल के बलिकाओ के लिए संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें विवज प्रतियोगिता , निवंध, भाषण, रंगोली एंव चित्रकला पर छात्र - छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया कार्यक्रम के संयोजन श्रीमती मीना देवांगन एंव मुख्य अतिथि डॉ. योगेन्द्र पटेल एंव विशिष्ट अतिथि संजय पटेल, डॉ. विलय लक्ष्मी गौर, डॉ.श्रध्दा देवी साहू, जफर अली, डॉ. विजयलाल तिवारी एंव समाजशास्त्र विभाग के व्याख्याता प्रदिप सलाम एंव जसमान वजैस के साथ ही महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक एंव व्याख्याता सम्मलित थे।

PRINCIPAL




Figure 24. Photographs of National Girls Days; entry 12 in table 3.4.3.



प्रतिवेदन

शासकीय स्वामी आत्मानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 01.02.2023 को एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विषय था " गोंडों की पेन व्यवस्था एवं आदिवासीयों की संस्कृति तथा वन से प्राप्त औषधियों को उपयोग किस तरह से किया जाता है।" मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. किरण नुरेटी, शास. गुण्डाधुर महाविद्यालय कोण्डागांव रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एस. आर. कुंजाम, प्राचार्य शास. स्वामी आत्मानन्द स्नातकोत्तर महा. नारायणपुर ने भी बस्तर में नारायणपुर प्रसिद्ध माता मावली मेला एवं बस्तर में प्राप्त होने वाले कुटकी एवं तरह-तरह के पाये जाने वाले कंद-मूल, फलों का औषधि के रूप में उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थीयों को प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में बी.डी. चांडक, मीनाक्षी ठाकुर (राजनीति विज्ञान), मीना देवांगन (समाजशास्त्र) प्रदीप सलाम, जसमात बर्डेस तथा अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राऐं सम्मिलित हुए।

GOVT. SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (CG)

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist.- Narayanpur
Chhattisgarh

Figure 25. Report of Tribal Pen Culture of Gonds; entry 13 in table 3.4.3.

# आत्मानंद कॉलेज में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

नारायणपुर/छत्तीसगढ़
एक्सप्रेस



शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 01.02.2023 को एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विषय था "गोंडों की पेन व्यवस्था एवं आदिवासियों की संस्कृति तथा वन से प्राप्त औषधियों को उपयोग किस तरह से किया जाता है।"

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. किरण नुरेटी, गुण्डाधूर महाविद्यालय, कोण्डागांव रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एस.आर. कुंजाम, प्राचार्य, शास. स्वामी. आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर ने भी बस्तर में नारायणपुर प्रसिद्ध माता मावली मेला एवं बस्तर में प्राप्त होने वाले कोटे कुटकी एवं तरह-तरह के पाये जाने वाले कंद-मूल, फलों का औषधि के रूप में उपयोग के बार में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित विजेताओं को प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में श्री बी.डी. चांडक, श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर (राजनीति), सरिता कोरेटी (राजनीति), समाजशास्त्र के श्रीमती मीना देवांगन, प्रदीप सलाम, जसमान ब्रजेश तथा अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh




Figure 26. Photographs of Tribal Pen Culture of Gonds; entry 13 in table 3.4.3.

**शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)**

**प्रतिवेदन**

**नारायणपुर के युवाओं को भी यूथ20 पर मिलेगा अपनी बात रखने का मौका**

**//जल स्रोतों के रखरखाव विषयों पर युवाओं ने की चर्चा//**

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस इकाई ने यूथ20 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया इस कार्यक्रम के जिला संगठक एनएसएस श्री बी. डी. चांडक ने यूथ विषयों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सिद्धार्थ चौधरीए प्राचार्यए शासकीय महाविद्यालय फरसगांव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस.आर. कुंजाम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा जिला बेमेतरा के भौतिक विभाग के प्रो. श्री डी. आर. साहू उपस्थित थे। प्रोफेसर साहू ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए भाग्योदय साबित होगा जल संरक्षण जितना महत्व इस क्षेत्र के लिए लोग मानते हैं उतना कोई नहीं जान सकता। डॉ. कुंजाम ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे क्योंकि इसमें भारत के सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यक सभी तत्वों को सर्वांगीण रूप से शामिल किया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. चौधरी ने कहा कि भारत के युवाओं को समसामयिक व वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने का बेहतर मौका मिलेगा। इसके अलावा ग्रंथपाल एस के पटेलए डॉ. विजय तिवारीए श्री हंसराज के एवं अन्य प्राध्यापकों ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान ही भाषण प्रतियोगिता के विषय जल मिशनए जल है तो कल है में प्रथम स्थान पुखराज सम्रथ द्वितीय स्थान वनिता नेताम तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वनिता नेताम एवं द्वितीय स्थान अक्षय कुमार कश्यप ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया तथा दिनांक 25 फरवरी 2023 को होने वाले राज्य स्तर त20 आई आई एम रायपुर के लिए रवाना होंगे। इस कार्यक्रम में 224 छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दिए एवं डॉ तिवारी ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का समापन किया गया।

धन्यवाद

जय हिंद

20/02/2023

प्राचार्य

PRINCIPAL

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

Govt. Swami Atmanand PG College Narayanpur Dist Narayanpur


Figure 27. Report of Youth 20 Conference; entry 14 in table 3.4.3.







Figure 28. Photographs of Youth 20 Conference; entry 14 in table 3.4.3.



प्रतिवेदन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 के अवसर पर ग्रन्थालय विभाग और भौतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन कीया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ को विज्ञान विषय का महत्व बताने तथा विज्ञान विषय की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से कीया गया जिसमें महाविद्यालय के कुल २७ छात्र छात्राओ ने भाग लिया जिसमें कुमारी प्रियंका नाग बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान तहसीन फातिमा बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी श्रुति वट्टी बी.एस.सी. प्रथम वर्ष और धनंजय बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कीया। जिन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर कुंजाम और ग्रंथपाल संजय कुमार पटेल तथा बी. डी. चांडक और अतिथि व्याख्याता श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित हुए।

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist. Narayanpur
Chhattisgarh

Figure 29. Report of National Science Day 2023; entry 15 in table 3.4.3.

(10)

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



अमन पथ न्यूज

नारायणपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 के अवसर पर ग्रन्थालय विभाग और भौतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रील्ली द४९ उङ्कस्त्री३३ङ्कल्ल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को विज्ञान विषय का महत्व बताने तथा विज्ञान विषय की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से किया गया। जिसमें महाविद्यालय के कुल 29 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कुमारी प्रियंका नाग बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान तहसीन फातिमा बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी श्रुति वट्टी बीएससी प्रथम वर्ष और धनंजय बीएससी तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस आर कुंजाम और ग्रंथपाल संजय कुमार पटेल तथा बी.डी.चांडक और अतिथि व्याख्यता श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित हुए।

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur

प्रतियोगिता में हुए शामिल

दिनांक - 03/03/23
पत्रिका

# विज्ञान प्रश्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



विज्ञान प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नारायणपुर. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ग्रन्थालय और भौतिक विभाग के संयुक्त्त तत्वावधान में विज्ञान प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को विज्ञान विषय का महत्व बताने तथा विज्ञान विषय की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से किया गया।

जिसमे महाविद्यालय के कुल 29 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे कुमारी प्रियंका नाग बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, तहसीन फातिमा बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी श्रुति वट्टी बीएससी प्रथम वर्ष और धनंजय बीएससी तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसआर कुंजाम और ग्रंथपाल संजय कुमार पटेल तथा बीडी चांडक और अतिथि व्याख्यता मीनाक्षी ठाकुर के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित हुए।

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Figure 30. Photographs of National Science Day 2023; entry 15 in table 3.4.3.